रामलीला महोत्सव शुरु

कोटपूतली। श्री रामलीला मण्डल, कोटपूतली के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति कस्बे के आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर के श्री रामलीला मंच पर सोमवार रात्रि रामलीला महोत्सव का शुभारम्भ पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस मौके पर नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि दीपक सैनी ने श्री गणेश पूजन कर रामलीला मंचन का शुभारम्भ किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालूओं ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में अतिथियों ने पं. अनिल शर्मा के सानिध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन कर श्री रामलीला का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि दीपक सैनी ने फिता काटकर उद्घाटन किया। वहीं 11 हजार रूपयों की सहयोग राशि भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पित की। प्रथम दिन नारद मोह की लीला दिखाई गई। वहीं मंगलवार को असत्य का प्रतीक रावण जन्म लेगा। जिसके बाद रावण के पृथ्वी पर अत्याचार, पृथ्वी माता की देवताओं से पुकार एवं भगवान श्री नारायण द्वारा मनुष्य रूप में जन्म लेकर पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त करने की लीला दिखाई जायेगी। इस मौके पर श्री रामलीला मण्डल के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, डॉ. मोतीलाल स्वामी, प्रकाश भगतजी, भौरेंलाल गुर्जर, कमलेश मीणा, चन्द्रकांत शर्मा, लालाराम सैन, राजेश ढोढ़, रतनलाल राय, मनोज पण्डित, सुमित शर्मा, नितिन जोशी, पार्षद प्रदीप सैनी, पार्षद राकेश सैनी, पप्पु पांचाल, राधेश्याम शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

अवैध जल कनेक्शन करने वालों पर शिकंजा कसेगा जलदाय विभाग

5 अक्टूबर से प्रदेशभर में अभियान चलेगा, सख्त कार्रवाई होगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जलदाय विभाग आगामी 5 अक्टूबर से अभियान चलाकर प्रदेशभर में अवैध जल कनेक्शन करने वालों पर शिकंजा कसेगा। प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि प्रदेशभर में अवैध कनेक्शन चिन्हित करके उन लोगों पर कार्यवाही के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों को ऐसे लोगों को प्रभावी व सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं, ताकि अवैध जल कनेक्शन करने वाले उपभोक्ताओं का जल कनेक्शन का नियमितिकरण भी किया जाए।

प्रमुख शासन सचिव भास्कर सावंत मंगलवार को जल भवन में अमृत 2.0, जल जीवन मिशन योजना एवं अवैध जल कनेक्शन की प्रगति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अमृत 2.0 मिशन के तहत् 183 नगर पालिकाओं में जल आपूर्ति कार्यों हेतु कम तकनीकी स्वीकृति जारी किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि योजना के तहत शेष रही तकनीकी स्वीकृति को शीघ्र जारी किया जाए। सावंत ने कहा कि पानी की चोरी एवं अवैध कनेक्शन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कई शहरों में हजारों की संख्या में अवैध जल कनेक्शन चिन्हित हो चुके हैं, उनके अनुपात में अवैध कनेक्शन हटाने की कार्रवाई काफी कम हुई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राइजिंग मैन लाइन एवं वितरण लाइन से सभी अवैध कनेक्शन को अभियान से पूर्व चिन्हित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन धारक के विरूद्ध पी.डी.पी. एक्ट के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। प्रमुख शासन सचिव ने जयपुर शहर में लंबित पेयजल कनेक्शन का निस्तारण शीघ्र करते हुए अधिशाषी अभियंता स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अधिकारी एवं कार्मिक द्वारा लापरवाही की जाती है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एमडी जल जीवन मिशन कमर उल जमान चौधरी, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा, मुख्य अभियंता शहरी मनीष बेनीवाल, मुख्य अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) आर.के.मीणा, सहित अन्य मुख्य अभियंता रात्रि चौपाल में मौजमाबाद एसडीएम बलवीर सिंह पुलिस उपअधीक्षक दीपक खंडेलवाल, जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनील कुमार, विद्युत विभाग के अधिक्षण अभियंता जे पी बैरवा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिक्षण अभियंता गुरुशरण वर्मा, तहसीलदार राजवेंद्र सिंह, थानाधिकारी संजय मीणा, विकास अधिकारी मुकेश कुमार सहित सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी ग्रामीणों सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने जल भवन में अधिकारियों की बैठक ली।

भरत मिलाप की लीला का मंचन

पावटा। आदर्श रामलीला मंडल पावटा में राम वन गमन के बाद सुमंत विलाप व दशरथ मरण व भरत का अपने भाई श्री राम को मनाने जाना जैसे मार्मिक दृश्यों व संवादो से दर्शकों की आँखों से अश्रुधारा बह निकली। सुमंत(मोहन गौड) का दशरथ (महेश पारिक) के आदेशनुसार श्री राम (लक्की भारद्वाज) लक्ष्मण (शुभम शर्मा) जानकी (तनुज शर्मा) को वापस अयोध्या लौटने की जिद करना व उनके नही लौटने पर अयोध्या विलाप करते हुए वापस लौटना, दशरथ(महेश पारिक) का राम के वियोग मे प्राण त्यागना जैसे मार्मिक दृश्यों ने दर्शको को भावुक कर दिया। वही दशरथ(महेश पारिक) की मृत्यु के बाद जब भरत व शत्रुघ्न अपने ननिहाल से वापस आना व भरत (दीपक भारद्वाज) द्वारा माता कैकयी (महेंद्र सैनी) पर ऋोधित होना व माता कोशल्या (मोहन गौड) को मनाना व भगवान राम को मनाने वनो मे जाना, निषादराज (विकास पुजारी) से भेट, भरत (दीपक भारद्वाज) को समझा-बुझाकर प्रभु श्रीराम (लक्की शर्मा) वापस भेजना, भरत का खडाऊं लेकर अयोध्या लौटना जैसे मार्मिक प्रसंगो को देख दर्शक अपनी आँखों मे आंसू नही रोक पाए व भाव विभोर हो गए। वही भील नृत्य देख कर लोग आनंदित हुए। आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा रंगमंचीय रामलीला के नवें दिन सोमवार को भरत मिलाप लीला के मंचन मे तालियों से दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

पट्टा वितरण कार्यक्रम आज

टोंक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार, 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा-2024 एवं विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किए जाएंगे। जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ेंगे तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू भूखंडहीन व्यक्तियों को पट्टा वितरण एवं उनसे संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि ऑडिटोरियम बमोर गेट टोंक में आयोजित किया जाएगा।

नेत्र जांच की

मालपुरा (निस) रोटरी क्लब मालपुरा सीटी एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला में निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुचे नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 15० नेत्र रोगीयों की जांच की। जांच के दौरान 53 नेत्र रोगीयों को निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय योजना रॉयल सिटी ग्राम मांचवा कालवाड़ रोड जयपुर में स्थित म. न. सी-91 में निर्मित परिसर अनमोल रेजीडेन्सी द्वितीय के द्वितीय फ्लोर पर स्थित आवासीय यूनिट नम्बर एस-03 के असल दस्तावेजो पर ऋण प्राप्त कर पिंकी कुमारी सैनी द्वारा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में रहन किये गये थे। पिंकी कुमारी सैनी के पति स्व. सुरेन्द्र कुमार सैनी के बैंक खाते से ऋण की अदायगी होती रही थी परन्तु स्व. सुरेन्द्र कुमार सैनी का निधन होने पर उसके कानूनी वारिसान द्वारा उक्त यूनिट के असल दस्तावेज उसकी पत्नी पिंकी कुमारी सैनी जो कि उक्त यूनिट की पंजीकृत स्वामिनी है को दिये जाने के सन्दर्भ में अपनी सहमति दे दी है इसलिये उपरोक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेज पिंकी कुमारी सैनी को दिया जाना है यदि इसमें किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास लिखित में मय सबूत सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। सूचित रहे।
सतीश चन्द्र गुप्ता (एडवोकेट) मो.-9414056003

कार्यालय नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर-ग्रामीण (राज.)
Email Id. shahpura.jaipur@gmail.com
Phone No. 01422-272066
क्रमांक-न.प.शा/2024-25/1284 दिनांक-18/09/024
आपत्ति आमंत्रण सूचना
सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा पट्टा नामान्तरण/भवन निर्माण हेतु आवेदन किया है। किसी को भी इस बाबत् आपत्ति होतो 07 दिवस में मय सबूत लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को पेश करें। बाद अवधि विचार संभव नही होगा।
क्र.सं.-1. आवेदक का नाम/पिता/पति का नाम-श्री रामेश्वर दयाल मीणा पुत्र चिरंजीलाल मीणा, स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता-लक्ष्मी नगर बिदारा शाहपुरा जयपुर, खसरा नं.-982, कुल क्षेत्रफल (वर्गगज)-166.66 वर्गगज, विशेष विवरण-भवन स्वीकृति हेतु निर्माण
(ममता चौधरी)
आयुक्त नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर-ग्रामीण

नागर ने संगठनात्मक बैठक ली

टोंक। राज्य के ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने आज देवली में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता की मौजूदगी में भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। इस दौरान प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार जनता की सेवा के लिए काम कर रही है। देवली-उनियारा विधानसभा में उप चुनाव होने है, इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से ही एकजुटता के साथ लग जाये, प्रत्याशी कोई भी हो हमें पार्टी के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करके पिछले दो चुनाव की हार का हिसाब चुकता करना है। प्रभारी मंत्री ने सदस्यता अभियान को लेकर भी गंभीरता के साथ अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर भी जोर दिया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने कहा कि देवली

- **'राज्य सरकार जनता की सेवा के लिए काम कर रही है'**

- उनियारा का उप चुनाव सभी कार्यकर्ताओं के लिए अपनी प्रतिष्ठा का सवाल है, हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है इस मानसिकता के साथ अभी से हम सबको चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। मेहता ने सदस्यता अभियान के तहत लक्ष्य बनाकर काम करें। इस दौरान जिला महामंत्री दीपक संगत, महेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष खेमराज मीणा, सत्यनारायण माहेश्वरी, जिला प्रवक्ता रामअवतार धाभाई, देवली चेयरमेन नेमीचंद जैन, राकेश ओसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामलीला का समापन

सांभरझील। श्री बाल रामलीला मंडल द्वारा सोमवार रात्रि राज्याभिषेक की लीला के साथ 42 वें वर्ष की रामलीला का समापन किया गया। जिसमें मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा बहुत ही सुंदर सजावट व रोशनी की गई। गुरु वशिष्ठ द्वारा सर्वप्रथम भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय मकरध्वज व्यास के पुत्र हिमांशु व्यास, अरुण व्यास व तनुज व्यास ने समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथियों द्वारा भी भगवान राम का तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया! राज्याभिषेक की झांकी के दर्शनों के लिए जनता का हुजूम देर रात तक डटा रहा वहीं मंडल द्वारा भी जनता के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। बालकिशन जांगिड, चेयरमैन नगरपालिका द्वारा सभी कलाकारों व कार्यकर्ताओं के लिए पारितोषिक की व्यवस्था की गई।

लघु फिल्म दिखाकर स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

राजकीय महाविद्यालय निवाई में स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

निवाई। राजकीय महाविद्यालय निवाई में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर लघु फिल्म दिखाकर स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। मंगलवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रक्तदान की शपथ दिलवाई। इस दौरान लघु फिल्म दिखाकर रक्तदान संबंधित जानकारी व भ्रांतियों पर सामूहिक चर्चा की गई।

इस दौरान आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। प्राचार्य ने बताया कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। युवाओं को हमेशा रक्तदान के लिए तत्पर रहना चाहिए। जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सीएल मीना ने बताया कि हर विद्यार्थी को अपने ब्लड ठ्रुप का पता होना चाहिए व साल में कम से कम एक बार तो आवश्यक रूप से रक्तदान करना चाहिए।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति संध्या राठौड़ पत्नी सतीश कुमार शर्मा उम्र 61 साल निवासी बी-695 सूर्य नगर गोपालपुरा बायपास जयपुर की पुत्रवधु सुरेखा शर्मा एवं पुत्र गौरव शर्मा जो कि मेरी पक्षकारा के कहने सुनने में नहीं है और मेरी पक्षकारा के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा, मारपीट, गाली गलौच, अपमानित, क्रूरतापूर्ण, उपेक्षापूर्ण अभद्रतापूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ित करते है इस कारण मेरी पक्षकारा ने अपनी समस्त चल अचल सम्पति से अपने पुत्र व पुत्रवधु को बेदखल करती है अगर कोई भी व्यक्ति मेरी पक्षकारा की पुत्रवधु व पुत्र से किसी प्रकार का कोई भी लेनदेन या सव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
01-10-24 भवदीय- जितेन्द्र सिंह शेखावत एडवोकेट

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 4135 दिनांक :- 01/10/2024
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास/फ्लैट संख्या 84/287 (MIG-B) का आवंटन श्री प्रेम नारायण माथुर पुत्र श्री रूप नारायण माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5184 दिनांक 21-12-2004 को जारी किया गया था। श्री प्रेम नारायण माथुर की मृत्यु दिनांक 09.05.2006 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री प्रमोद मीनावत पुत्र स्व. श्री प्रेम नारायण माथुर द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री प्रमोद मीनावत पुत्र स्व. श्री प्रेम नारायण माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक मु.जो./नगि3/2024/3162 दिनांक:- 30/9/24
सार्वजनिक सूचना भूखण्ड सं. 69 पुराना 207 नया, आर्य नगर मुरलीपुरा (स्वयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री हरिवर प्रसाद लखमरा को क्षेत्रफल 194 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्री नरेश कुमार वर्मा पुत्र श्री महेश कुमार वर्मा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय लाइट प्लान की फोटो प्रति, मूल दस्तावेजो के खोने के सम्बन्ध में विधिवत एवं एफआईआर की प्रति, मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य सैन दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्री नरेश कुमार वर्मा पुत्र श्री महेश कुमार वर्मा के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 194 वर्गगज का नाम हस्तांतरण जारी किया जाता है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा नियोजित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, मुरलीपुरा जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2024/3414 दिनांक-25/9/2024
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशीला जैन पत्नि स्व. नवरतन जैन ने मकान नं. 2184 खेजड़ो का रास्ता चाँदपोल बाजार जयपुर का योजना 69-क के तहत आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं के क्षेत्रफल 37.83 वर्गगज का 69-क योजना के तहत पट्टा चाहा है। उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाड़ी
क्रमांक-1727 दिनांक-27/9/24
आवश्यक सूचना मूलतः आवास संख्या 11/172 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाड़ी श्री विक्टर खान को आवंटन पत्रांक 1321 दिनांक 30.06.2016 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष मे अदेय प्रमाण पत्र संख्या 4151 दिनांक 17.02.2017 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा दिनांक 15.11.2016 के पंजीकृत मुख्यतारनामा द्वारा श्री राजनारायण पटेल पुत्र स्व0 श्री रामनारायण पटेल को मुख्यतारआम धारक नियुक्त किया गया। श्री राजनारायण पटेल द्वारा मुख्तयारआम धारक की हैसियत से उक्त आवास की रजिस्ट्री दिनांक 24.03.2017 को उप पंजीयक भिवाड़ी मे पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री राजनारयण पटेल द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 24.03.2017 के पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा श्रीमती जयमाला पटेल पत्नी श्री उमेश पटेल को किया गया है। उक्त आवास को बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा अन्तिम क्रेता श्रीमती जयमाला पटेल के नाम लीज स्थानान्तरण पत्र संख्या 1722 दिनांक 14.09.2017 को जारी किया जा चुका है। श्रीमती जयमाला पटेल द्वारा उक्त आवास का बेचान पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती सुमन पत्नी श्री संदीप को दिनांक 28.05.2024 को कर दिया गया है। श्रीमती सुमन द्वारा स्वयं के नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क मध्यम आय वर्ग एक बार विक्रय का राशि रुपये 20000.00 जमा कराकर चालान व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त मकान का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष मे किया जावे। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 11/172, अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाड़ी के संबन्ध मे किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उज्र एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस मे आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाड़ी मे अपना एतराज लिखित मे प्रस्तुत करे अन्यथा पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर श्रीमती सुमन पत्नी श्री संदीप के पक्ष मे मकान संख्या 11/172, अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाड़ी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-भिवाड़ी

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 75/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री बलवीर सिंह सारन पुत्र श्री गणपत राम सारन वार्ड नम्बर 05 गंगा कॉलोनी, लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत मालीदेवी चौधरी गनपतराम सारन चैरिटेबल ट्रस्ट, वार्ड नम्बर 05, गंगा कॉलोनी, लक्ष्मणगढ़, सीकर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 26.112024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

खोया पाया

मेरे मकान 7-ख-10 जवाहर नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डीक्लेशन, अदैय प्रमाण पत्र, कार्यालय आदेश जवाहर नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करे- विभोर गुलाटी 9619922406

मेरा मुख्य सोडाला जयपुर नगर निगम का प्लाट नंबर 66 का ओरिजिनल अलॉटमेंट लेटर सोडाला से चित्रकूट जयपुर के आसपास कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें- सूरज नारायण शर्मा, 9414310767

मेरी दुकान संख्या- 302, सैकेण्ड फ्लोर, दवा बाजार, फिल्म कॉलोनी, जयपुर के असल दस्तावेज, दिनांक 09.10.2023 की गिफ्ट डीड मय साईट प्लान कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें, विक्रम बजाज पुत्र श्री रमेश चन्द्र बजाज, मोबाईलः 8955557444

जविप्रा की रिंग रोड परियोजना ग्राम अभयपुरा के भू.सं.11/OE/527 भू.सं. 11/OE/606 एवं भू.सं.11/OE/703 के आरक्षण पत्र, आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। अनिता शर्मा- मो.नं.9602754615

मेरा मकान सं. 101/36, प्रताप नगर, जयपुर का मूल लीज मुक्ती व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें- मधुप शर्मा-9799886465

नाम परिवर्तन

मैं पिस्ता देवी पुत्री श्री राधाकृष्ण मीना निवासी सेक्टर 16, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर की हुं। मैं घोषणा करती कि मेरे पुत्र वैभव सत्तावन का उक्त नाम परिवर्तन कर आरव मीना रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जावेगा।

मैं पिस्ता देवी पुत्री श्री राधाकृष्ण मीना निवासी सेक्टर - 16, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर की हुं। मैं घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री सुहानी सत्तावन का उक्त नाम परिवर्तन कर आराध्या मीना रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

मैं पिस्ता देवी पुत्री श्री राधाकृष्ण मीना निवासी सेक्टर - 16, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर की हुं। मैं घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री शगुन सत्तावन का उक्त नाम परिवर्तन कर अन्वि मीना रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम पूनम से बदलकर पूनम सिंह चौहान रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम पूनम सिंह चौहान पत्नी विक्रम सिंह चौहान के नाम से जाना जाएं। पताः पारसमणि विला, 46 एवं 47, वैकुंठ न्यू, जयपुर ग्रीन्स, एम्मार, जयपुर 302026, राजस्थान

मैंने अपना नाम विक्रम सिंह से बदलकर विक्रम सिंह चौहान रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम विक्रम सिंह चौहान पुत्र भगत सिंह के नाम से जाना जाएं। पता-पारसमणि विला, 46 एवं 47, वैकुंठ न्यू, जयपुर ग्रीन्स, एम्मार, जयपुर 302026 राजस्थान

I Pushpa Kanwar is Wife of ARMY No.4581185L NK Rathore Bhavani Singh, 19 Mahar C/O 99 APO, Resident- 131, Hanuman Vatika-A, Gokulpura, Jhotwara Jaipur. Raj.-302012. I Have Changed My Name From Puspa Kanwar rathore to Pushpa Kanwar in my all Documents. Old name Puspa Kanwar rathore, New Name Pushpa Kanwar

संविदाकर्मियों ने स्थाई नियुक्ति की उठाई मांग

जयपुर । संयुक्त संविधान मुक्ति मोर्चा राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर मंगलवार को राजस्थान के समस्त विभागों में कार्यरत संविदा, निविदा व प्लेसमेंट कार्मिकों ने शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर मृतक संविदा कर्मी मनीष सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार से ऐसी व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया जिससे भविष्य में अन्य संविदा कर्मी मनीष सैनी नहीं बने।

ज्ञात रहे कि गत 27 सितंबर को जयपुर स्थित राजस्थान उच्च न्यायालय के बी ब्लॉक स्थित भवन

- **शहीद स्मारक पर मनीष सैनी को दी श्रद्धांजलि**

में सुबह संविदा कर्मी मनीष कुमार सैनी ने आर्थिक तंगी और अल्प वेतन से व्यथित होकर खुद को फांसी लगा ली थी। मृतक मनीष सैनी के परिजनों को 50 लख रुपए की आर्थिक सहायता, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और मृतक के बच्चों को रोजगार मिलने तक उनको निशुल्क शिक्षा, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की।

गाय को "राष्ट्र माता" घोषित करने की मांग

कोटपूतली। जयपुर ग्रामीण गौ सांसद पंडित राहुल इन्दौरिया ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा गाय को राज्य माता घोषित किये जाने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का आभार जताया है। साथ ही इन्दौरिया ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस कदम को सम्पूर्ण मानव जाती तथा हिन्दुत्व का सम्मान बताया है आपको बता दें कि भारत में गायों के सांसकृतिक महत्व तथा उसकी परम्पराओं का हवाला देते हुए महाराष्ट्र सरकार ने गाय को राज्य माता घोषित करने के आदेश दिये है। यह भी बता दें कि गाय को प्राचीन काल से ही गाय में हिन्दू मान्यताओं के मुताबिक ना केवल 33 कोटी देवी देवताओं का निवास माना जाता है।

श्रद्धा पर्व में बुजुर्गों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

जयपुर । समाज में बुजुर्गों और वृद्धजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान के संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल की ओर आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धा पर्व का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज ने 1997 से श्रद्धा पर्व मनाने की शुरुआत की थी, तब से अब तक प्रतिवर्ष यह पर्व विश्व जागृति मिशन के सभी मंडलों एवं शाखाओं में मनाया जा रहा है।

सोमेश्वर महादेव मंदिर में

- **बच्चों की झांकी में जीवंत हुई श्रवण कुमार की अमर गाथा**

आयोजित श्रद्धा पर्व के कार्यक्रम में जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दास गंगवानी, सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा, महामंत्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री गोपाल बजाज, आचार्य मोहन लाल शास्त्री और आचार्य विष्णु कुमार शर्मा सहित पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने वृद्धजनों की आरती उतारकर उपहार दिए और पैर छूकर आशीर्वाद लेते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर बच्चों द्वारा रामायण काल से समाज में माता-पिता के प्रति अगाध श्रद्धा के पौराणिक पात्र श्रवण कुमार के चरित्र पर आधारित सजाई गई विशेष झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। यह झांकी डॉ. मधु शर्मा, इंदु भार्गव, पुष्पा भाटिया और मंजू बजाज के निर्देशन में तैयार की गई। श्रद्धा पर्व